Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide passage across railway lines to farmers of villages located near level crossing Nos. 166 and 41 in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के अंतर्गत रेलवे लाइन समदडी-भीलडी ब्रोडग गेज लाइन पर एक गाँव पड़ता है जिसका नाम मोटी-गरनाल है और जिसका LC No-166 है , वहां रेल लाइन के दोनों और बाउंड्री वाल बनने से किसानों को खेतों में आवाजाही का रास्ता बंद हो गया है I इसके साथ ही एक और रेलवे लाइन भुज-पालनपुर पर एक गाँव पड़ता है जिसका नाम जुना नेसडा भीलडी है और जिसका LC No-41 है , वहां भी रेल लाइन के दोनों और बाउंड्री वाल बनने से किसानों को खेतों में आवाजाही का रास्ता बंद हो गया है इस कारण किसान अपने खेत नहीं बो पा रहें है I इस संबंध में मेरे द्वारा वहां के डीआरएम को भी सूचित किया गया है परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है I

अतः मेरा निवेदन है कि किसानों के खेतों के लिए आवाजाही के लिए दोनों स्थानों पर रास्ते का प्रबंध किया जाये जिससे कि किसान अपने कार्य को बिना किसी बाधा के कर सकें I